# प्रेस नोट 07.10.2021

**थाना चिरैयाकोट क्षेत्रान्तर्गत यारदेवा सुल्तानीपुर स्थित शिक्षण संस्थान में चोरी मामले का हुआ खुलाशा, घटना में संलिप्त तीन अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 04 अदद सिलाई मशीन, एक इन्वर्टर, एक बैटरी, एक पंखा व 530 रूपया नगद बरामद-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सुशील घुले के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के कुशल पर्यवेक्षण मे आज दिनांक 07.10.2021 को थाना चिरैयाकोट पुलिस को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब जरिये मुखबिर की सूचना पर संत देवदास बाबा मंदिर पोखरा के पास से तीन शातिर चोर अशोक कुमार पुत्र स्व0 रमेश राम, आशीश कुमार पुत्र रामप्रवेश राम, दीपक कुमार पुत्र रामप्रवेश निवासीगण निजामपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की 04 अदद सिलाई मशीन, एक इन्वर्टर, एक बैटरी, एक पंखा, एक कैची, एक सफेद धागा व 530 रूपया बरामद बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

बरामद समानों के सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों से जब कड़ाई से पूछताछ किया गया तो उक्त अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हमलोग तथा एक हमारे मित्र पंकज कुमार निवासी निजामपुर थाना चिरैयाकोट ने मिलकर पैसे के लालच में मॉ जगमाती देवी शिक्षण संस्थान करमी सुलतानीपुर से उक्त समानों तथा रूपयों की चोरी किये थे। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पूर्व में मु0अ0सं0 163/21 धारा 457,380 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसमें धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी कर अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. अशोक कुमार पुत्र स्व0 रमेश राम निवासी निजामपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
2. आशीश कुमार पुत्र रामप्रवेश राम निवासी निजामपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।
3. दीपक कुमार पुत्र रामप्रवेश निवासी निजामपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।

**वांछित अभियुक्त-**

1. **पंकज कुमार पुत्र कैलाश राम निवासी निजामपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।**

**बरामदगी-**

चोरी की 04 अदद सिलाई मशीन, एक इन्वर्टर, एक बैटरी, एक पंखा, एक कैची, एक सफेद धागा व 530 रूपया नगद।

**गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-**

थानाध्यक्ष चिरैयाकोट उ0नि0 श्री अमित कुमार मिश्र, उ0नि0 गंगा सागर मिश्र, उ0नि0 उमेश चन्द्र यादव, का0 गोकर्ण यादव, का0 अनुराग पाल, का0 मनीष कुमार, का0 अमित कुमार यादव, का0 सुधीर चौधरी थाना चिरैयाकोट।

**03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

आज दिनांक 07.10.2021 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान भीटी चौक से मु0अ0सं0 402/21 धारा 420, 386, 342, 323, 504, 506, 452 भादवि0 में वांछित अभियुक्तों विजय सिंह पुत्र उमेश सिंह निवासी भुजौटी, विशाल सिंह निवासी राजेश सिंह निवासी खरगजेपुर, पोरष सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी चांदमारी इमिलिया थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**चोरी करते दो शातिर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद**

दिनांक 06.10.2021 को थाना कोपागंज क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला दोस्तपुरा में मोटरसाइकिल चोरी करते सन्नी कुमार पुत्र स्व0 आत्मा राम, पीयूष कुमार पुत्र स्व0 तुलसी निवासीगण ढेकवारा थाना कोपागंज जनपद मऊ को जनता के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध वादी मोटरसाइकिल मालिक हबीबुल्लाह निवासी दोस्तपुरा थाना कोपागंज की तहरीर पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 458/21 धारा 379,411 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।